महत्वपूर्ण समयबद्ध

पत्र संख्या-विधि -पंजीयन निर्देश-2016-17 / 566 / वाणिज्य कर

कार्यालय : कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।
(विधि अनुभाग)
लखनऊ : दिनॉक : 2 जून ,2016

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर,
समस्त ज्वाइंट कमिश्नर(कार्यपालक) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ।

विषय - दिनांक 06-06-2016 से दिनांक 20-06-2016 तक सभी खण्ड कार्यालयों में "पंजीयन पखवाड़ा"

शासन द्वारा पंजीकृत व्यापारियों की संख्या एवं कर का आधार बढ़ाये जाने की दृष्टि से दि0 06-06-2016 से **दि0 20-06-2016 तक सभी खण्ड कार्यालयों में "पंजीयन पखवाड़ा" आयोजित** किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु निम्नलिखित निर्देश दिए जाते हैं।

1. इसका समुचित प्रचार-प्रसार रेडियो जिंगल, सिनेमा-स्लाइडस्, लीफलेट्स, पम्पलेट्स, लाउड-स्पीकर से प्रचार, व्यापारिक संगठनों के साथ व्यापारिक क्षेत्रों में रैली आदि से किया जाए।
2. पंजीयन कैम्प ई-सुविधा केन्द्रों पर अथवा व्यापारिक स्थलों में आयोजित कराए जाएं।
3. व्यापारी के पंजीयन के आवेदन पत्र आनलाइन वहीं भरवाकर तत्काल टिन नम्बर दे दिए जाएं। इस हेतु सम्बन्धित अधिकारी विभागीय कम्प्यूटर/ लैपटाप में सभी आवश्यक विवरण अपलोड करके जाएं।
4. टिन नम्बर दिए जाने के 72 घंटे के अन्दर पंजीयन प्रमाण पत्र व्यापारी के प्रार्थना पत्र में दिए गए ई-मेल पतो पर / मोबाईल नम्बरों पर व्हाट्सएप के जरिये अवश्य भेजते हुए उसकी सी0सी0 अधोहस्ताक्षरी के ई-मेल **ctcomhqlu-up@nic.in** पर की जाए।
5. पंजीयन से सम्बन्धित सर्वेक्षण और फोटो अपलोड करने की कार्यवाही रजिस्ट्रेशन के बाद अगले 15 दिनों में पूर्ण कर ली जाए तथा अभिलेखों का सत्यापन सर्वेक्षण के समय अवश्य किया जाए।
6. भविष्य में पंजीयन दिए जाने में विलंब किए जाने अथवा सर्वे 15 दिनों से अधिक लंबित रखने की स्थिति में स्थानीय अधिकारियों व पर्यवेक्षण अधिकारियों दोनों का दायित्व नियत करते हुए कार्यवाही की जाएगी।
7. **पंजीयन पखवाडा की** प्रतिदिन की प्रगति से संभागीय ज्वा0 कमिश्नर(कार्यपालक) द्वारा ज्वा0 कमिश्नर (आई0टी0), मुख्यालय को व्हाट्सएप पर अवगत करायेंगे कि संभाग में वाणिज्य कर खण्डवार कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा कितने आवेदन के सापेक्ष टिन नम्बर प्रदान कर दिए गए हैं।

कृपया कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें।

2/06/16

(मुकेश कुमार मेश्राम)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

पृ0पत्र संख्या एवं दिनॉक : तदैव।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

- ज्वाइंट कमिश्नर (आई0टी0) एवं ज्वाइंट डायरेक्टर (संख्या) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।

(डी0पी0 सिंह)
ज्वाइंट कमिश्नर (विधि) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।